अनुक्रमांक

नाम

**12/1A** A

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-2022

# हिन्दी ( साहित्यिक व सामान्य )

समय : 2½ घण्टे

कक्षा-12

पूर्णांक 100

नोट : मानविकी वर्ग के छात्रों को प्रश्न संख्या 13 से 16 तथा विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के छात्रों को प्रश्न संख्या 17 से 20 करने हैं। बाकी सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

( खण्ड-क )

1\. ( क ) 'विचार प्रवाह' के लेखक हैं - 1
   (i) महावीरप्रसाद द्विवेदी (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
   (iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iv) प्रतापनारायण मिश्र।

( ख ) 'मैला आँचल' किसका उपन्यास है - 1
   (i) वृन्दावनलाल वर्मा (ii) भगवतीचरण वर्मा
   (iii) फणीश्वरनाथ रेणु (iv) मुंशी प्रेमचन्द।

( ग ) प्रेमचन्द का उपन्यास है - 1
   (i) कंकाल (ii) तितली (iii) गोदान (iv) मृग मद।

( घ ) 'महलों के राजाम' किस विधा की रचना है - 1
   (i) निबन्ध (ii) नाटक (iii) उपन्यास (iv) कहानी।

( ङ ) हिन्दी का प्रथम यात्रा-वृत्त है - 1
   (i) सरयू पार की यात्रा (ii) परीक्षा-गुरु
   (iii) कलम का सिपाही (iv) पथ के साथी।

2\. ( क ) 'कीर्तिलता' के रचनाकार हैं - 1
   (i) नागार्जुन (ii) स्वयम्भू (iii) जगनिक (iv) विद्यापति।

( ख ) हिन्दी साहित्य के किस काल को 'स्वर्णयुग' कहा जाता है - 1
   (i) आदिकाल (ii) भक्तिकाल (iii) रीतिकाल (iv) आधुनिक काल।

( ग ) निम्नलिखित में से छायावादी कवि कौन हैं - 1
   (i) हरिऔध (ii) मैथिलीशरण गुप्त
   (iii) महादेवी वर्मा (iv) अज्ञेय।

( घ ) निम्न में से किसे हिन्दी का प्रथम कवि माना जाता है - 1
   (i) खुसरो (ii) सरहपा (iii) लुइपा (iv) कण्हपा।

( ङ ) प्रकृति के सुकुमार कवि कहलाते हैं - 1
   (i) निराला (ii) पन्त (iii) प्रसाद (iv) महादेवी वर्मा।

3\. दिए गए गद्यांश पर आधारित नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

कहते हैं, दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सधता है। बाकी को फेंककर आगे बढ़ जाती है। शायद अशोक से उसका स्वार्थ नहीं सधा। क्यों उसे वह याद रखती? सारा संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है।

( क ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए। 2

( ख ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

( ग ) "कहते हैं, दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सिद्ध होता है।" इस पंक्ति का क्या आशय है? 2

( घ ) 'स्वार्थ का अखाड़ा' का क्या तात्पर्य है? 2

( ङ ) उपर्युक्त गद्यांश में किसे स्वार्थी कहा गया है? अशोक को विस्मृत करने के पीछे मनुष्य की कौन-सी भावना उत्तरदायी है? 2

अथवा

( कृपया पृष्ठ पलटिए )

https://www.upboardonline.com

जंगल में जिस प्रकार अनेक लता, वृक्ष और वनस्पति अपने अदम्य भाव से उठते हुए पारस्परिक सम्मिलन से अविरोधी स्थिति प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय जन अपनी संस्कृतियों के द्वारा एक दूसरे के साथ मिलकर राष्ट्र में रहते हैं जिस प्रकार जल के अनेक प्रवाह नदियों के रूप में मिलकर समुद्र में एकरूपता प्राप्त करते हैं उसी प्रकार राष्ट्रीय जीवन की अनेक विधियाँ राष्ट्रीय संस्कृति में समन्वय प्राप्त करती हैं समन्वय युक्त जीवन राष्ट्र का सुखदायी रूप है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) प्रस्तुत अनुच्छेद में किसके सम्मिलन की बात कही गयी है? 2

(घ) जल प्रवाह नदी के रूप में किससे मिलता है? 2

(ङ) राष्ट्रीय जीवन की अनेक विधियां राष्ट्रीय संस्कृति में क्या प्राप्त कर रही हैं? 2

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

"यह सच है तो अब लौट चलो तुम घर को।
चौंके सब सुनकर अटल कैकेयी-स्वर को।
सबने रानी की ओर अचानक देखा,
<u>वैधव्य-तुषारावृता यथा विधु-लेखा॥
बैठी थी अचल तथापि असंख्यतरंगा,
वह सिंही अब थी हा! गोमुखी गंगा</u>
हाँ, जनकर भी मैंने न भरत को जाना,
सब सुन लें, तुमने स्वयं अभी यह माना
यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया,
अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया॥

(क) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) कैकेयी के मुख से किस बात को सुनकर सभी विस्मित रह गए? 2

(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(घ) 'अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ङ) प्रस्तुत पद्यांश में कौन-सा रस दर्शाया गया है? 2

**अथवा**

<u>दुःख की पिछली रजनी बीच विकसता सुख का नवल प्रभात,</u>
एक परदा यह झीना नील, छिपाये है जिसमें सुख गात॥
जिसे तुम समझे हो अभिशाप, जगत की ज्वालाओं का मूल-
ईश का वह रहस्य वरदान, कभी मत इसको जाओ भूल।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए। 2

(ख) इस पद्यांश के रचनाकार कौन हैं? 2

(ग) इस पद्यांश में किस प्रसंग का वर्णन है? 2

(घ) "एक परदा यह झीना नील" इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? 2

(ङ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उसकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(i) वासुदेव शरण अग्रवाल (ii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी
(iii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक-परिचय देते हुए उसकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए (शब्द सीमा 80 शब्द) - 5

(i) जगन्नाथ दास रत्नाकर (ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) सुमित्रानन्दन पन्त।

6. 'बहादुर' अथवा 'पंचलाइट' कहानी का उद्देश्य लिखिए। 5

**अथवा**

https://www.upboardonline.com

'बहादुर' अथवा 'पंचलाइट' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। (शब्द सीमा 80 शब्द)

अथवा

स्वपठित खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं को क्रमवार लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द)

## खण्ड - 'ख'

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए -

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचम्, औदार्यम्, अनसूया, क्षमा, अन्ये चानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायन्ते।

अथवा

याज्ञवल्क्य उवाच - न वा अरे मैत्रेयि! पत्युः कामाय पतिः प्रियः भवति, आत्मनस्तु वै कामाय पतिः प्रियः भवति। न वा अरे, जायायाः कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तु वै कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे, पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति, आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति। न वा अरे, सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति, आत्मनस्तु वै कामाय सर्वं प्रियं भवति।

(ख) दिए गए संस्कृत पद्यांश/श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए -

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु,
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः॥

अथवा

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥

9. निम्न विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए -
(क) राष्ट्र भाषा का महत्त्व
(ख) प्रदूषण की समस्या
(ग) बदलती शिक्षा नीति का छात्रों पर प्रभाव
(घ) बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान
(ङ) मेरे प्रिय कवि (कारण के साथ)।

10. (क) शान्त अथवा संयोग-श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
(ख) 'रूपक' अथवा 'श्लेष' अलंकार का लक्षण सोदाहरण दीजिए।
(ग) 'चौपाई' अथवा 'दोहा' छन्द की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

11. (क) 'पावक:' का सन्धि-विच्छेद होगा -
(i) पौ+अक: (ii) पाव+अक: (iii) पो+अक: (iv) प+वक:
(ख) 'सज्जन:' का सन्धि-विच्छेद होगा -
(i) सद्+जन (ii) सज्+जन: (iii) सत्+जन: (iv) सज्ज+न:
(ग) 'गायक:' का सन्धि-विच्छेद होगा -
(i) गाय+अक: (ii) गा+यक: (iii) गै+अक: (iv) गै+क:

12. (क) 'आत्मन्' शब्द का तृतीया द्विवचन का रूप होगा -
(i) आत्मभ्याम् (ii) आत्मभि: (iii) [illegible] (iv) [illegible]
(ख) 'नामन्' शब्द का चतुर्थी एकवचन का रूप होगा -

(पृष्ठ पलटिए)

https://www.upboardonline.com

A

(मानविकी वर्ग के लिए)

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए 4
   (क) धीमताम् कालः कथं गच्छति?
   (ख) पुण्डरीकं कदा विकसति?
   (घ) किम् धनम् सर्वं प्रधानम्?
   (ग) संस्कृत साहित्यस्य प्रमुखाः कवयः के सन्ति?

14. (क) निम्न में से किसी एक शब्द का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - 1
   पीतवसनम्, रक्तपद्मः, प्रतिदिनम्।
   (ख) 'स्था' धातु का लट् लकार, उत्तम पुरुष, बहुवचन का रूप होगा - 1
   (i) तिष्ठामः (ii) तिष्ठावः (iii) तिष्ठामि (iv) तिष्ठथ
   (ग) 'अपिबत्' का धातु, लकार, पुरुष तथा वचन लिखिए। 2

15. (क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के धातु एवं प्रत्यय का योग स्पष्ट कीजिए - 1
   (i) दृष्टः (ii) गत्वा (iii) हत्वा
   (ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का प्रत्यय लिखिए 1
   (i) प्रभुता (ii) रूपवती (iii) गुणवान
   (ग) रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा उससे सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए 2
   (i) ग्रामम् अभितः वृक्षाः सन्ति। (ii) कृष्णाय नमः।
   (iii) पुत्रेण सह।

16. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए - 4
   (i) वह पैर से लंगड़ा है। (ii) दोनों विद्यालय जाते हैं।
   (iii) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं। (iv) फल मीठे हैं।

(विज्ञान व वाणिज्य (सामान्य) वर्ग के लिए)

17. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए - 2
   (i) आँखों का तारा होना (ii) उँगली उठाना
   (iii) हाथ मलते रह जाना (iv) लोहा लेना।

18. (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए 2
   (i) अतल-अतुल (ii) तर्क-तक्र।
   (ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए - 2
   (i) सुरभि (ii) अब्ज (iii) कुम्भ।
   (ग) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए 2
   उपकार को न मानने वाला -
   (i) कृतज्ञ (ii) कृतघ्न (iii) समदृष्ट (iv) विषमदृष्ट।

19. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध कीजिए - 2
   (i) पढ़ा-लिखा होने पर वह समझदार नहीं है।
   (ii) मन्त्री जी से वृक्षारोपण किया गया।
   (iii) वहाँ अनेकों पुस्तकें थी।
   (iv) पुजारी मन्दिर में पूजा कर रहा था।

20. अपने क्षेत्र में छोटे बच्चों का विद्यालय खोलने की माँग करते हुए राज्य के शिक्षा मन्त्री को पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने पसन्दीदा कार्यक्रम की चर्चा करते हुए सम्बन्धित टीवी चैनल के निदेशक को पत्र लिखकर कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सुझाव दें।

https://www.upboardonline.com